NAVBHARAT, Mumbai, 11.10.2022
Page No. 5, Size:(29.74)cms X (18.90)cms.

पहला मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब

बुलेट ट्रेन टर्मिनल से जुड़ेगा, एक साथ 4 तरह की ग्रीन ट्रांसपोर्ट सुविधा

■ सूर्यप्रकाश मिश्र @ नवभारत

मुंबई. अहमदाबाद से मुंबई के बीच देश की पहली बुलेट ट्रेन चलाने के पहले ही देश का पहला मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब साबरमती में तैयार हो रहा है. साबरमती में बुलेट ट्रेन टर्मिनल के साथ एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाए जा रहे इस मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब से एक साथ मेट्रो, बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, रेलवे स्टेशन के साथ बुलेट ट्रेन का टर्मिनल भी जुड़ जाएगा. एनएचएसआरसीएल के अनुसार देश में ऐसी पहली व्यवस्था होगी जहां एक साथ चार तरह की ग्रीन ट्रांसपोर्ट सुविधा यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी.

एयरपोर्ट की तर्ज पर ट्रांसपोर्ट हब मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के लिए दो बहुमंजिला ग्रीन बिल्डिंग का निर्माण किया गया है. इनमें 3 एफओबी हैं जो मेट्रो, बीआरटीएस, रेलवे स्टेशन और बुलेट ट्रेन टर्मिनल को जुड़ेंगे. इनमें एयरपोर्ट की तरह ट्रेवलेटर भी लगाए जाएंगे. इसके अलावा तीसरी मंजिल पर कोनकोर्स फ्लोर, नीचे 1500 वाहनों की पार्किंग, इंटर कनेक्टिंग टेरेस के साथ-साथ व्यवसायिक कार्यालय, दुकानें, होटेल, रेस्तरां आदि अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी. एनएचएसआरसीएल के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 20 मीटर ऊंचाई पर बन रहे बुलेट ट्रेन स्टेशन को एफओबी के माध्यम से सीधे जोड़ा जाएगा. इस हब का यात्रियों के साथ-साथ व्यावसायिक उपयोग भी होगा. इसके प्रबंधन के लिए निविदा भी जारी कर दी गई है.

बुलेट ट्रेन का काम तेज: उल्लेखनीय है कि गुजरात में हाई स्पीड रेल कॉरिडोर का काम फुल स्पीड में चल रहा है. पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट कही जाने वाली बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण लगभग 98 प्रतिशत हो गया है. गुजरात और दादरा नगर हवेली में 352 किमी में वायडक्ट, पुल, स्टेशन और ट्रैक का निर्माण शुरू है. हर माह 10 से 12 किमी का काम हो रहा है. 183 किमी लंबाई में पाइल,104.3 किमी से अधिक नीव और 93 किमी पर पीयर्स का निर्माण हो गया है. गर्डर कास्टिंग और नदियों पर ब्रिज निर्माण शुरू है.

महाराष्ट्र में सुरंग के लिए निविदा

1 कुल 508 किमी के बुलेट ट्रेन कॉरिडोर में 21 किमी सुरंग जो मुंबई के बीकेसी से ठाणे जिले तक होगी. इसके लिए भी निविदा जारी कर दी गई है. एनएचएसआरसी से जुड़े धनंजय कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में जल्द ही जमीन पर काम दिखने लगेगा. भूमि अधिग्रहण 95% से अधिक हो चुका है.

2 एनएचएसआरसीएल की एजीएम सुषमा गौर ने बताया कि बीकेसी से शीलफाटा तक 21 किमी में डबल लाइन सुरंग निर्माण की निविदा 20 जनवरी 2023 तक खोली जाएगी. अगले वर्ष महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन का काम दिखाई पड़ने लगेगा.

सूरत-बिलिमोरा के बीच ट्रायल

बताया गया कि 15 अगस्त 2026 तक सूरत एवं बिलिमोरा के बीच देश की पहली बुलेट ट्रेन के ट्रायल का लक्ष्य है. करीब 50 किमी के इस सेक्शन में करीब 65% काम हो चुका है. गुजरात में वापी से साबरमती तक अलग-अलग चरणों में काम चल रहा है. वैसे मुंबई तक बुलेट ट्रेन पहुंचने में 2027-28 तक इंतजार करना होगा.

बुलेट ट्रेन के बारे में

- कॉरिडोर की कुल लंबाई : 508.17 किमी
- अधिकतम परिचालन गतिः 320 किमी/घंटा

स्टेशनों की संख्याः 12

- गुजरात में 8 (वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद/नडियाद, अहमदाबाद और साबरमती)
- महाराष्ट्र में 4 मुंबई (बीकेसी), ठाणे, विरार और बोइसर

डिपो की संख्या 3

- गुजरात में सूरत और साबरमती

महाराष्ट्र में ठाणे

भूमि अधिग्रहण

- 97.82 प्रतिशत